# राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर (राज.)

# मानवाधिकार क्लब

# [Human Rights Club]

## वार्षिक प्रतिवेदन : सत्र 2021-22

# मानवाधिकार क्लब - वार्षिक प्रतिवेदन : सत्र 2021-22




मानवाधिकार क्लब द्वारा सत्र 2021-22 में छात्राओं को मानवाधिकारों के प्रति जागरूक करने की दृष्टि से सत्र पर्यन्त विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए।

सर्वप्रथम मानवाधिकार क्लब के तत्वावधान में ऑनलाईन पोस्टर प्रतियोगिता का दिनांक 17.09.2621 को आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता का विषय था - “कैसा हो सशक लोकतंत्र"। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 13 छात्राओं ने भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे।

प्रथम - कविता रेगर (द्वितीय वर्ष विज्ञान)
द्वितीय - सुमन नागदा (द्वितीय वर्ष कला)
तृतीय - भव्या आमेटा (द्वितीय वर्ष कला)
नंदिता जारोली (तृतीय वर्ष विज्ञान)

केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा दिनांक 26 अक्टूबर 2021 से 01 नवम्बर 2021 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित करने के सम्बन्ध में महाविद्यालय के मानवाधिकार क्लब द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिनांक 26.10.2021 को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शशी सांचीहर द्वारा महाविद्यालय की संकाय सदस्यों को महाविद्यालय के पन्नाधार सभागार में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय में राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए सभी के द्वारा अपना योगदान देने की शपथ ली गई। यह शपथ देश की एकता की भावना से ली गई, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं उनके कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका।








## सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 : 26 अक्टूबर से 01 नवम्बर 2021
## राष्ट्रीय एकता की शपथ कार्यक्रम

"सतर्कता जागरूकता सप्ताह" के अन्तर्गत दिनांक 26-10-2021 को महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसकी अद्यक्षता महाविद्यालय कि वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. सुनिता शर्मा द्वारा की गई। मानवाधिकार क्लब प्रभारी डॉ. मंजु फड़िया ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में युवा वर्ग की भूमिका और उनकी भागीदारी से छात्राओं को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. कुलदीप फड़िया सह-आचार्य राजनीति विज्ञान थे। डॉ. कुलदीप फड़िया ने अपने व्याख्यान में राष्ट्रीय एकता के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को बताते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के प्रति निष्ठा रखने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि आज जो सशक्त भारत हम देखते हैं, इसके नवनिर्माण में सरदार वल्लभ

भाई पटेल की केन्द्रीय भूमिका रही है। 31 अक्टूबर के सरदार पटेल की जयन्ती के दिन हम उन्हें याद करते हुए राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति अपना योगदान देने का प्रण करते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. सुनिता शर्मा ने राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक छात्रा को अपना योगदान देने के लिए आह्वान किया। व्याख्यान कार्यक्रम में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। व्याख्यान के अंत में धन्यवाद की रस्म मानवाधिकार क्लब की सदस्य डॉ. कीर्ति माथुर ने अदा की।

















**सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 : 26 अक्टूबर से 01 नवम्बर 2021**

**व्याख्यान : सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं राष्ट्रीय एकीकरण में उनका योगदान**

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान दिनांक 28.10.2021 को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशी सांचीहर द्वारा संकाय सदस्यों को अपने कार्यकलापों के प्रति प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी व पारदर्शिता बनाए रखने, भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने और अपने संगठन को गौरवशाली बनाने की शपथ दिलाई गई। भारत की स्वतंत्र की वर्षगांठ "इंडिया@ 75" के कार्यक्रमों कि श्रंखला में महाविद्यालय के मानवाधिकार क्लब एवं गांधी अध्ययन केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 13.11.2021 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय कि प्राचार्या डॉ. शशी सांचीहर ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का विधिवत शुभारम्भ किया।

उन्होंने छात्राओं के समक्ष अपने विचार रखते हुए गांधीजी के मूल्यों की वर्तमान समय में प्रासंगिकता को रेखांकित किया। मानवाधिकार क्लब प्रभारी डॉ. मंजु फड़िया ने स्वतन्त्रता आन्दोलन में दिए गए गांधीजी के योगदान के विषय में अपने विचार व्यक्त किए। गांधी अध्ययन केन्द्र प्रभारी डॉ. तराना परवीन ने गाँधी जी के अंहिता सिद्धांत पर प्रकाश डाला। मानवाधिकार क्लब सदस्य डॉ. कीर्ति माथुर ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विषय "भारतीय स्वाधीनता आंदोलन (1857 से 1947) एवं भारतीय संविधान की प्रस्तावना - लोकतंत्र का प्रतिबिम्ब" से सम्बन्धित बिन्दुओं से छात्राओं को अवगत कराया एवं प्रश्नोत्तरी के नियम बताते हुए प्रश्न पूछकर कार्यक्रम का संचालन किया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं के पांच ग्रुप (A,B,C,D,E) ने भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे :

प्रथम स्थान - ग्रुप E

मनीषा कुमारी (द्वितीय वर्ष कला)
सोनल गरासिया (द्वितीय वर्ष कला)
अनुराधा बावरी (द्वितीय वर्ष कला)

द्वितीय स्थान - ग्रुप D

सोनू चारण (द्वितीय वर्ष कला)
नेहा सोनी (द्वितीय वर्ष कला)
अंसा गमेती (द्वितीय वर्ष कला)

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शशी सांचीहर विजेता छात्राओं की नाम की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में मानवाधिकार प्रभारी डॉ. मंजु फड़िया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।










**भारत की स्वतंत्रता की वर्षगांठ (इंडिया@75) के कार्यक्रमों की श्रंखला में महाविद्यालय के मानवाधिकार क्लब एवं गांधी अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में प्रश्नोतरी प्रतियोगिता दिनांक 13.11.2021**

दिनांक 10 दिसंबर 2021 को महाविद्यालय के मानवाधिकार क्लब के तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पन्नाधाय सभागार में संकाय सदस्यों एवं छात्राओं को मानवाधिकारों के संरक्षण एवं निष्ठा रखने की महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शशी सांचीहर द्वारा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मानवाधिकार प्रभारी डॉ. मंजु फड़िया ने संयुक्त राष्ट्र संघ के सर्वव्यापी मानवाधिकार चार्टर एवं उससे संबंधित 30 अनुच्छेदों से छात्राओं को अवगत कराया।

दिनांक 10 दिसंबर 2021 को मानवाधिकार दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के मानवाधिकार क्लब एवं राजनीति विज्ञान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में "मानवाधिकार : एक परिचर्चा" का आयोजन किया गया। मानवाधिकार दिवस पर आयोजित इस परिचर्चा में संकाय सदस्यों एवं छात्राओं की सक्रिय भागीदारी रही। इस परिचर्चा में मानवाधिकार क्लब एवं राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ. मंजु फड़िया ने मानवाधिकारों का अर्थ बताते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा पारित सार्वभौमिक घोषणापत्र की चर्चा की और साथ ही मानवाधिकार संरक्षण की दिशा में संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रयासों पर प्रकाश डाला। राजनीति विज्ञान परिषद प्रभारी डॉ. कुलदीप फड़िया इस परिचर्चा में मुख्य वक्ता थे। उन्होंने युवा पीढ़ी से मानवाधिकार संरक्षण की दिशा में आगे आने के लिए आह्वान किया।

राजनीति विज्ञान विभाग की सह आचार्य डॉ. भावना पोखरणा ने मानवाधिकारों के महत्व की चर्चा की। मानवाधिकार क्लब सदस्य डॉ. कीर्ति माथुर ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. भवशेखर ने मानवाधिकारों की रक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। राजनीति विज्ञान की छात्राओं ने भी इस परिचर्चा में उत्साह से अपनी भागीदारी निभाई। राजनीति विज्ञान की छात्रा भव्या आमेटा ने युवा पीढ़ी की मानवाधिकारों के संरक्षण में भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। राजनीति विज्ञान की छात्रा प्रिया राजपूत ने मानवाधिकारों के हनन की चर्चा की एवं इन मुद्दों पर अपनी चिंता भी व्यक्त की। राजनीति विज्ञान की छात्रा अंजलि सिसोदिया ने महिला मानवाधिकारों के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्रा सीमा कुमार देवड़ा ने बाल श्रम के बारे में विस्तार से अपने विचार रखे और बालश्रम को रोकने की अपील की। महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान की छात्राओं ने इस परिचर्चा में उत्साह के साथ भाग लिया। डॉ. कीर्ति माथुर ने परिचर्चा के अंत में सभी छात्राओं एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संकाय सदस्यों का आभार व्यक्त किया।






मानवाधिकार क्लब द्वारा 10 दिसम्बर 2021 को आयोजित "अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस" के अवसर पर शपथ कार्यक्रम की तस्वीरें (10.12.2021)












**मानवाधिकार क्लब एवं राजनीति विज्ञान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 10 दिसम्बर 2021 को आयोजित 'अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस' के अवसर पर मानवाधिकार : एक परिचर्चा कार्यक्रम की तस्वीरें**

**डॉ. मंजु फड़िया**

**(प्रभारी अधिकारी : मानवाधिकार क्लब)**